**खबर संक्षेप**

### कुएं में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में सारना सेक्टर 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्था आधार फाउंडेशन छिंदवाड़ा के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम केवलारी में स्थित कुयें के लिए रिचार्ज सिस्टम बनाया गया, जिसमें ग्रामवासियों, केवलारी के सरपंच श्री इंद्राभन मर्सकोले, समिति के अध्यक्ष श्री सोहन राठौर और सचिन श्री शिवराज कुमरे के साथ जनसहयोग एवं नरेगा मजदूरों के साथ कुयें के आस-पास श्रमदान कर साफ-सफाई कार्य किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणजनों को जल संरक्षण और सार्वजनिक जल स्त्रोतों के स्वच्छ रखरखाव, पानी की बचत करने, समय-समय पर जल स्त्रोतों की सफाई कर स्वच्छ बनाए रखने की शपथ उपस्थित जनों को दिलाई गई। इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सरिता पांडे, श्रीमती नीलम, श्री अवनीश, श्रीमती सुनीता कुमरे, श्रीमती कलावती बाई आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पूजा लॉन में लगे रोजगार मेले का एक दिन बढ़ा

**छिंदवाड़ा।** युवाओं के लिए रोजगार के सुअवसर उपलब्ध कराने सांसद श्री बंटी विवेक साहू सतत प्रयास कर रहे हैं। उन्हीं के सतत प्रयासों से छिंदवाड़ा पांढुरना संसदीय क्षेत्र के युवाओं को बेहतर रोजगार के नित नए अवसर मिल रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद श्री बंटी विवेक साहू के प्रयासों से प्रतिष्ठित और नामचीन कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप यार्न यूनिट स्पिनिंग द्वारा परासिया रोड स्थित पूजा लॉन में रोजगार मेला लगाया गया है। यह मेला सिर्फ 10 मई को ही एक दिवसीय लगाया जाना था, पहले दिन बड़ी संख्या में कंपनी द्वारा युवाओं का चयन किया गया, कंपनी में जॉब के लिए चयनित युवा भी खुशी से फूले नहीं समा रहे। शानदार पैकेज होने की वजह से युवाओं के साथ साथ उनके परिजन भी प्रसन्नचित हैं।

## पुलिस ने धरदबोचा, क्षेत्र में फल फूल रहा अवैध कारोबार

# 100 पर 30 रुपये कमीशन में लिख रहे थे सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया




शिवपुरी - रावनवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो लोगों को सट्टा लिखते धर दबोचा । वे 100 पर 30 रुपये कमीशन पर सट्टा लिख रहे थे । पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों पर मामला दर्ज किया है ।

शिवपुरी पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उसे 9 मई शुक्रवार शाम मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि , ग्राम रावनवाड़ा में अनूप सिंधिया अपने दो साथियों रिंकु तथा नारायण को प्रेरित करके अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिखवा रहा हैं और वह खुद खाईबाजाई कर रहा हैं । इस प्रकार की सूचना पर दबिश कार्यवाही की गई । जिसमें रिंकु उर्फ निलेश कहार अपने घर के सामने एवं नारायण बुनकर मेन रोड रावनवाड़ा में अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिख रहे था । जिनको पुलिस टीम के द्वारा बारी - बारी रेड कार्यवाही की तथा अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिखने वालो से उनका नाम पता पूछने पर रिंकु उर्फ निलेश कहार उम्र 43 साल निवासी आमालाईन रावनवाड़ा के कब्जे से एक सट्टा पट्टी, नगदी 1250 रुपये तथा एक डाट पेन , नारायण बुनकर उम्र 55 साल निवासी मेन रोड रावनवाड़ा के कब्जे से एक सट्टा पट्टी, नगदी 1310 रुपये , एक डाट पेन जब्त किया गया । आरोपियों ने पूछताछ में बताया , कि अनूप सिंधिया उम्र 40 साल निवासी महुआटोला रावनवाड़ा के द्वारा उत्प्रेरित करने पर 100 रुपये पर 30 रुपये कमीशन पर वे इस काम को अंजाम दे रहे थे । उक्त तीनो आरोपियो का कृत्य 4 क जुंआ एक्ट , 49 BNS का पाये जाने से तीनों आरोपियो के विरुद में बारी बारी से अपराध क्र. 120 , 121/2025 धारा 4 क जुआ एक्ट, 49 BNS का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है । जुआ एक्ट की कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वरी पटले , सउनि प्रमोद दीक्षित , प्र आर 129 नितिन मालवीय , प्र आर 359 बैदेही पटेल , आर. 58 सतेन्द्र बघेल , आर. 1065 ललित भारद्वाज की सराहनीय भूमिका रही हैं ।

### जगह बदल-बदलकर चल रहा जुआं

**परासिया।** परासिया और इसके आसपास का क्षेत्र सुरम्य वादियों और जंगलों से घिरा हुआ है । सतपुड़ा की यह वादियां और इसके जंगल एक ओर जहां लोगों को लुभाती हैं , वहीं यह सुरम्य वादियां जुंआरियों के लिए मुफीद बनी हुई है । इन पहाड़ी क्षेत्र और जंगलों के बीच जगह बदल - बदल कर जुंआरी जुंए की जमघट लगा रहे हैं । वहीं पुलिस और अन्य अधिकारियों की निगरानी के लिए इनके पंटर भी जगह - जगह तैनात है ।कोई माने या न माने पर यह सौ फीसदी सच है , कि इन दिनों बेलगांव और लेहगढ़ुआ के बीच स्थित सतपुड़ा की वादियों में जगह बदल - बदल कर जुंए की जमघट लग रही है । जिसमें लाखों के दांव लग रहे हैं । पुलिस और अन्य लोगों से बचने के लिए जगह - जगह पंटर भी तैनात रहते हैं , जो पुलिस के मूवमेंट पर पैनी नजर रखते हैं । जैसे ही इन पंटरों को ये लगता है , कि पुलिस उस दिशा में जा रही है जहां इनका खेल जमा हुआ हैं , ये तत्काल इसकी सूचना खिलाड़ियों तक पहुंचा देते हैं ।

**महर्षि नारद जयंती पर हुआ भव्य आयोजन**

## राष्ट्रहित में हो पत्रकारिता- पूर्व मेयर दयाशंकर तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

आदि पत्रकार महर्षि नारद की जयंती छिंदवाड़ा के खजरी रोड स्थित राय मेन्स में आयोजित की गई। जिसमें पांढुर्णा, छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू के अलावा कार्यक्रम के अध्यक्ष अग्रिम कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा के अलावा मुख्य वक्ता के रूप में नागपुर के पूर्व महापौर दयाशंकर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथ के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश, गोविंद चौरसिया मौजूद रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागपुर से पधारे मुख्य वक्ता दयाशंकर तिवारी ने आदि पत्रकार महर्षि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में बड़ा ही विशिष्ट उद्बोधन दिया। उन्होंन अपने वक्तत्य में अठारवीं सदी से वर्तमान समय तक की पत्रकारिता की विकास यात्रा पर अपना मत प्रस्तुत किया। अपनी विलक्षण वाकपटुता के सभी पत्रकारों ने उनके उद्बोधन का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने बताया कि पत्रकार की लेखनी माँ काली का रूप होती है जिसका सदुपयोग सकारात्मक रूप से राष्ट्र हित में ही पत्रकारों को करना चाहिए। पत्रकार पक्ष विपक्ष दोनों बिंदुओं को लेकर चलता है परंतु उसका लक्ष्य राष्ट्र हित, देशभक्ति ही होना चाहिए। यही पत्रकारिता का मूल मंत्र है।

नारद मुनि तीन लोकों में पत्रकारिता कर सुर और असुर दोनों से ही संवाद करते थे। पत्रकारों के जीवन में भी सुर, असुर दोनों से ही सामना होता है। सकारात्मकता ही पत्रकारिता का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अजय पालीवाल ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया, साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। नारद जयंती पर समिति द्वारा किए गए इस आयोजन पर मुख्य वक्ता के रूप में अद्भुत वक्तव्य सुनकर सभी पत्रकार बंधु प्रभावित हुए बिना न रह सके।

## माँ नैना देवी मंदिर स्थित जल स्त्रोत के उद्गम स्थल पर किया स्वच्छता कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व जन अभियान परिषद के अध्यक्ष श्री मोहन यादव के आह्वान पर, छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार, म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक तामिया श्री संजय बामने के कुशल मार्गदर्शन में तामिया विकासखंड के ग्राम तामिया स्थित मां नैना देवी के जल स्त्रोत के उद्गम स्थल पर पहुंचकर इसके उद्गम कुंड की जन सहयोग से सफाई की गई। जमा गाद एवं मलबे को मानव श्रृंखला बनाकर निकाला गया। श्रमदान उपरांत जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन द्वारा ग्रामीणों को जन सहभागिता के माध्यम से श्रमदान करने, तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई । जन अभियान परिषद की टीम की पहल पर श्रमदान का कार्य किया गया। पौराणिक इतिहास के अनुसार यह जल स्त्रोत जमीन से 100 फिट से अधिक ऊँचाई पर स्थित है ।पहाड़ से पूरे वर्ष भर मीठा जल प्रवाहित होता है। इसका जल बड़ा ही स्वादिष्ट है। क्षेत्र वासियों के लिए यह जल स्त्रोत धार्मिक इतिहास से जुड़ा हुआ है ।पूज्य महाराज श्री झीना नंद महाराज कहते है। इनके पुनर्जीवन हेतु हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुरानी जल संरचनाएं जैसे कुआं, नदी, तालाब, पोखर, बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन तथा वर्षा पूर्व नई जल संरचनाओं के निर्माण संबंधित कार्य पूरे प्रदेश में किये जा रहे हैं।

## दुल्हन की विदाई कराकर ले जा रही बस पलटी, 18 घायल



**दमुआ।** दमुआ सारनी मुख्य मार्ग पर झिरीघाट में दिनांक 08 मई को प्रात 07:30 दुल्हन की पहली विदाई पर दुल्हहन को घर ले जात समय घरातियों से भरी बस पलट गई प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में बस में सवार 18 बराती घायल हो गये इनमे से 5 बरातियों हाल गंम्भीर से होने से जिला अस्पताल छिन्दवाडा में भर्ती कराया गया है शेष लोगो का इलाज दमुआ अस्पताल में चल रहा है। ज्ञात हो झरीघाट दुर्घटना प्वांईट बना गया यहां पर आये दिन दुर्घटना होते रहती है जिसमें कई लोगो की जान जाती है शासन प्रशासन को इस और त्वरित ध्यान देन की आवश्यकता है ताकि दुर्घटना को कम से कम किया जा सके।

### वरिष्ठ नागरिक महामंच के 8 वरिष्ठ सदस्यों का मनाया

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ नागरिक महामंच छिंदवाड़ा व्दारा गत दिवस खापाभाट रोड स्थित चंदेल लान में 8 वरिष्ठ सदस्यों का गीत, संगीत, नृत्य और शेरो-शायरी के साथ जन्मदिन मनाया गया। इन सदस्यों का जन्मदिन माह मार्च व अप्रैल में था। महामंच के अध्यक्ष



टी.एन.मिश्रा की अध्यक्षता और संरक्षक जयशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टी.एम.आर.नायडू व तहसील अध्यक्ष पी.आर.डेहरिया की विशेष उपस्थिति में हरिभाऊ मोहितकर, सुभाष कलसुले, ओमप्रकाश नयन, सुरेश घोरसे, श्रीमती शशि कुमरे, एस.आर.प्रजापति, रफीक कुरैशी व गिरीपुंजे का पुष्पमालाओं व पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया और स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम में हरिभाऊ मोहितकर, ओमप्रकाश नयन व सुरेश घोरसे और उनकी धर्मपत्नियों ने एक-दूसरे को पुष्पमाला पहनाकर खुशियों के रंग भी बिखेरे। प्रारंभ में महामंच के पदाधिकारियों सहित उपस्थित सभी सदस्यों ने सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलित किया तथा श्री घागरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम में संरक्षक श्री शुक्ला, अध्यक्ष श्री मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नायडू व तहसील अध्यक्ष श्री डेहरिया ने अपने सारगर्भित उद्बोधनों से सभी के दीर्घायु होने व स्वस्थ निरोगी जीवन की कामना की।कार्यक्रम का संचालन सचिव अशोक मिश्रा व आभार प्रदर्शन सह सचिव बी.एल.बेलवंशी ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती नंदा ठाकरे, मधुकर ठाकरे, श्रीमती शशि कुमरे व अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी ने सामूहिक भोजन किया और संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य भी किया।श्री घागरे ने जन्मदिन गीत व अन्य गीतों का सुमधुर गायन कर सभी का मन मोह लिया।

## ब्रिगेडियर ने किया 24 एमपी बटालियन एनसीसी कैंप का निरीक्षण

**कार्यक्रम में युवाओं को दी सैन्य करियर की जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

24 एमपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2 से 11 मई 2025 का निरीक्षण जबलपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अनूप गजानन बरबरे ने किया। इस शिविर में छिंदवाड़ा, सिवनी एवं बालाघाट जिलों के सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान ब्रिगेडियर बरबरे ने एनसीसी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और क्वार्टर गार्ड की सलामी ली। इसके बाद कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत फील्ड सिग्नल, सेक्शन फॉर्मेशन, फायर एंड मूव तथा वास्तविक युद्ध अभ्यास का सजीव प्रदर्शन देखा, जिसकी उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर बरबरे ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में जबलपुर ग्रुप की पहली 'ड्रिल नर्सरी' का उद्घाटन किया।

## पूर्व सैनिक को श्रद्धांजलि देकर किया नमन

**जुन्नारदेव।** आज नगर के वार्ड क्रमांक 09 में पूर्व सैनिक के निवास स्थान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक राम अवतार कुशवाहा की 16 वी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा



सुमन अर्पित की है। सैनिको ने द्वारा श्री कुशवाहा की धर्मपत्नी को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। मंच संचालन दीपक बंदेवार द्वारा कर शोभा बढ़ाई। अलग-अलग वक्ताओं ने नमः आंखों पूर्व सैनिक को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर याद किया ओर सैनिक साथियों ने पूर्व सैनिक राम अवतार कुशवाहा के जीवनकाल के क्षणों को सांझा किया। इस दौरान इंडियन वेटरन ऑर्गनाइजेशन के जिला अध्यक्ष मुख्य अतिथि वेटेरन कुबेर सिंह सिगोतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कलस्कर, सेवानिवृत्त एनसीसी आफिसर साबिर अली, पूर्व सैनिकों में प्रमोद पाठक, मूलचंद रैकवार, दयाराम धुर्वे, कैलाश सर, एडवोकेट हरि प्रसाद सर दिशांत चौरसिया,राजू बेलवंशी, सतीश खरे, राजेंद्र सिंह राजपूत,जय नारायण चौरसिया, सुनील साहू व अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

## सैन्य बलों के लिए श्री हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जामसांवली द्वारा शनिवार को विशेष सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यह भक्तिमय कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर में कार्यरत भारत के वीर सैन्य बलों के अदम्य साहस, अटूट समर्पण और राष्ट्रभक्ति को समर्पित रहा,उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया और हमारे वीर सैनिकों को असीम शक्ति, सामर्थ्य और विजय प्राप्त हो, इसके लिए श्री हनुमान जी से प्रार्थना की।

इस अवसर पर, वीर भारतीय सैनिकों को राष्ट्र की रक्षा करने और पाकिस्तान पर विजय प्राप्त करने के लिए श्री हनुमान जी का अतुलित बल प्राप्त हो,₹ के पवित्र संकल्प को सामूहिक रूप से दोहराया गया।चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह आयोजन हमारे वीर सैन्य बलों के प्रति हमारी गहरी आस्था और उनके अदम्य साहस के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हम श्री हनुमान जी से प्रार्थना करते हैं कि वे हमारे सैनिकों को अटूट शक्ति और हर चुनौती का सामना करने का सामर्थ्य प्रदान करें। हमें यह देखकर अत्यंत गर्व हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस नेक उद्देश्य के लिए एकजुट हुए,मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा सभी सहभागी श्रद्धालुओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया और इस सामूहिक प्रार्थना की शक्ति को सदैव बनाए रखने का आह्वान किया।



## आए दिन हो रही दुर्घटना, सड़कों का मरम्मतीकरण करने की उठी रही मांग

# दमुआ नगर की सड़कों के हाल-बेहाल, कमीशन की भेंट चढ़ी सड़कें


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

दमुआ शहर के मुख्य सडकों के हाल बेहाल हो चुके है आये दिन दुर्घटना होते रहती है सडक पर राहगीरों का चलना दूभर हो गया रोड में सडक कम गड्डे अधिक दिखाई दे रहे है जिसे सडकों पर चलने वाले राहगीरों एवं वाहन चालको को काफी परेशानी हो रही है दमुआ के वार्ड न. 13 एवं 14 के तहत आने वाले मार्ग बेरियर से लेकर इन्द्रा चौक तथा इन्द्रा चौक से पुराना बस स्टेण्ड तक की सडके हाल काफी बुरे है। फिर भी नगर पालिका के संबंधित अधिकारी प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि इस समस्या से आंख मूंदकर कुम्भकरणी नींद में सो रहे है ऐसा लगता है कोई बडी दुर्घटना की रास्ता देख रहे है। बेरयर रोड पर जो डिवायडर बना हुआ है वहां अक्सर दुर्घटना होते रहती है। ज्ञात हो सडक बनाने के नाम केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार नगर पालिका को करोडो रूपये की राशि आवंटित करती है फिर न.पा.प. दमुआ द्वारा शहर की सडकों की ओर ध्यान नही दिया रहा है तथा सडक का निर्माण नही किया जा रहा है। कई जगहो पर सी.सी. एवं डामरीकृत सडको का निर्माण किया भी गया है तो उनकी गुणवत्ता अत्यधिक निम्न स्तर की होने के कारण जगह जगह से रोड उखड ने लगी है। बारिश का मौसम आने वाली सडक के घटिया निर्माण के कारण सडक पहली बारिश में ही सडक बह जायेगी। ऐसा लगता है भारी कमिश्न के चलते सडके कमीश्न की भेंट चढ जावेगी उक्त घटिया निर्मित सडको की उच्च अधिकारियो ने निष्पक्ष जांच कराने की आम जनता ने मांग की हैं

## अतिथि शिक्षकों के 3.0 पोर्टल सत्यापन में आ रही परेशानियां

**जुन्नारदेव**। अतिथि शिक्षकों के सत्यापन में आ रही परेशानिया पोर्टल में जानकारी गलत आने से अतिथि शिक्षक परेशान हो रहे हैं वही सुबह 9:00 बजे से विभिन्न संकुलो के अतिथि शिक्षक जुन्नारदेव संकुल में पहुंचकर सत्यापन कर रहे हैं जबकि यह सत्यापन कार्य अपने-अपने संकुल में कराया जा सकता है अतिथि शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 से 100 अतिथि शिक्षक अपने संकुलो से दूर शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव पहुंचकर 3.0 पोर्टल में अपने दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं जबकि यह सत्यापन सभी संकुलो में किया जाना संभव है इन दिनों स्कूली अवकाश के चलते विद्यालय में सत्यापन कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे अतिथि शिक्षक परेशान है।

## जाम नदी घाट निर्माण भूमिपूजन का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल यहां राधाकृष्ण और भवानी वार्ड में जाम नदी के किनारे घाट निर्माण का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। ज्ञात हो नदी किनारे घाट निर्माण हो इसके लिए स्थानीय नागरिक, वार्ड प्रतिनिधि तथा नपा अध्यक्ष ने समय समय पर काफी कोशिशें की जिसका सार्थक नतीजा सामने आया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे सहित अनेक पार्षदगण मौजूद रहे। लोकनिर्माण सभापति प्रदीप जुननकर, स्वास्थ्य सभापति महेंद्र घोडे, अनील खत्री, दुर्गेश उईके, लोचन खवसे, नरेश कलंबे, उमेश कडवे, मुन्ना ठाकुर, विनोद दारोकार, मोनू जायस्वाल, सुनील अमजीरे, आशीष कुंभारे तथा अनेक वार्ड के अनेक नागरिक उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष ने दत्तोंपंत ठेंगडी पार्क में किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका ने शनिवार को वार्ड क्रमांक सोलह के दत्तोंपंत ठेंगडी पार्क में सफाई की । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष ने टीम के साथ पार्क में श्रमदान किया । पार्क को श्रमदान से नागरिकों के लिए व्यवस्थित किया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , सभापति संतोष डेहरिया , पूनम कैथवास , नोडल अधिकारी राजेंद्र कुमार सोनी , दीपक राय , सलीम खान ,रौशनी बुनकर , अशोक शर्मा , कर्मचारीगण और वार्ड वासियों ने श्रमदान किया । पार्क में दत्तोंपंत ठेंगडी की प्रतिमा को स्नान कराया गया । झूलों की मरम्मत की गई । पार्क को साफ किया गया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि जल गंगा संवर्धन अभियान में 29 मई तक के लिए कार्ययोजना बनाई गई है । चक्की नाला और बांध मोहल्ले के स्टाप डैम की सफाई की जाएगी । इसके बाद अन्य जगहों की रूपरेखा बनाई गई है । 29 मई के बाद नई कार्ययोजना अभियान को लेकर बनाई जाएगी ।

## ऑपरेशन सिंदूर के चलते भडकाऊ पोस्ट फारवर्ड, शेयर या पोस्ट करने पर पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के चलते कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा पांढुर्ना जिले में विभिन्न सोशल साइट्स एवं मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक एवं अपुष्ट आक्रोश पैदा करनेवाली भडकाऊ सूचनाएं अथवा पोस्ट फारवर्ड या अपलोड करने पर कल शाम से आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार वॉट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर भडकाऊ, भ्रामक या अपुष्ट, आपत्तिजनक, उन्माद फैलानेवाल कोई संदेश, फोटो, ऑडियो या विडियो जिसमें धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाएं भडक सकती है ऐसा मैसेज नहीं प्रसारित करेगा। इस प्रकार के पहले से अपलोड या प्रसारित संदेशों को लाइक, शेयर या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह जिम्मेदारी रहेगी कि वह इस प्रकार के संदेश प्रसारित होने से रोके। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### मंडल क्षेत्र के विकास के लिए सांसद से मिले पगारा मंडल के अध्यक्ष



**परासिया** : ग्रामीण मंडल क्षेत्र पगारा के विकास के लिए भाजपा ग्रामीण मंडल पगारा के मंडल अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को सरपंच और मंडल के पदाधिकारी जिले के सांसद विवेक बंटी साहू से मिले । जिसमें मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाटाछापर , भाजीपानी , भामोड़ी , अंबाड़ा लिखवाड़ी , सेमरताल , डुंगरिया , बुढ़लापठार , मायावाड़ी में विभिन्न जनहित कार्य एवं निर्माण कार्य को लेकर चर्चा हुई । जिसमें मंडल पदाधिकारी , बूथ अध्यक्ष एवं मंडल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , इकलेहरा सरपंच साधना दास , मायावाड़ी सरपंच , रिंकू डेहरिया , दरबई सरपंच संतलाल कहार , मंडल महामंत्री , परशु यदुवंशी मंडल मंत्री , हीरालाल पाल , किसान मोर्चा अध्यक्ष दीपक राय , मंडल महामंत्री अनु. मोर्चा , जगदीश डेहरिया , मीडिया प्रभारी राजेश डेहरिया , युवा मोर्चा महामंत्री , भूरा कौरव स्वास्थ्य सिविर के प्रभारी डॉक्टर , आकाश साहू , कुलदीप राजपूत व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## स्वास्थ्य शिविर में हुआ 130 मरीजों का निशुल्क परीक्षण



**पांढुर्ना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड पांढुर्ना के सेवा विभाग संत गाडगे बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के इंदिरा मंगल भवन में कल एक स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 130 मरीजों मरीजों का चेकअप कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस शिविर में स्वामी विवेकानंद मकिल मिशन खापरी जिला नागपुर के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बीपी, शुगर, हड्डी रोग, नेत्र रोग, और मरीजों का सामान्य परीक्षण किया। इस अस्पताल के पीआरओ आयुष शर्मा द्वारा जन्मजात छोटे बच्चों की निशुल्क हृदय शस्त्रक्रिया की जाने की जानकारी दी।

### एक साथ उठी दोनों की अर्थी, गांव में छाया मातम, पसरा सन्नाटा

## मीनाक्षी तालाब में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** एक ही परिवार के दो सगे भाईयों की मीनाक्षी तालाब के गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है. यह हृद्वय विदारक घटना बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम सादाबोड़ी से सामने आई है. घटना शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 06 बजे के आस-पास की है. शनिवार की सुबह 11 बजे सरकारी अस्पताल कटंगी में दोनों भाईयों के शवों का पीएम कर शवों को परिजनों का सुपुर्द कर दिया गया. वहीं गांव में जब घर के सामने दोनों भाईयों की एक साथ अर्थी सजाई गई और उनके शवों को श्मशान घाट की तरफ ले जाया गया तो पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया. घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार सादाबोड़ी निवासी सोहन आमाडारे बच्चों के साथ घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित मीनाक्षी तालाब में नहाने के लिए गया हआ था. जहां गहरे पानी में डूबने लगा तो साथ में गए बच्चों ने सोहन पानी में डूब रहा है ऐसी आवाज लगाई. जिसे सुनकर घर से बड़ा भाई मोहन आमाडारे ने भी दौड़ लगा दी और सीधे तालाब के भीतर भाई को बचाने के लिए चले गए लेकिन उनकी भी पानी में डूबने से मौत हो गई. शाम करीब 07 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी गई. पुलिस ने तालाब से शवों को बाहर निकाला और पीएम के लिए रात्रि में ही सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया. जहां शनिवार को पीएम किया गया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार 34 वर्षीय मोहन की एक छोटी बेटी है जबकि 31 वर्षीय सोहन का तीन वर्ष पूर्व ही विवाह संपन्न हुआ है. इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और पूरे गांव में इसी घटना को लेकर चर्चा हो रही है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है. बताया जाता है कि दोनों भाई राजमिस्त्री का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे. बड़ा भाई गांव में ही राजमिस्त्री का काम करता था जबकि छोटा भाई गांव के बाहर. दोनों सगे भाईयों की मौत के बाद अब परिवार में केवल माता-पिता, दोनों भाइयों की पत्नी और एक छोटी बच्ची ही रह गई है. इस हृदय विदारक घटना पर ब्लॉक आदिवासी गोवारी समाज संगठन ने गहरा शोक जाहिर करते हुए परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की है. शनिवार की दोपहर 01 बजे ग्रामीणों, नाते-रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों ही भाइयों का अंतिम संस्कार किया गया।

### एक दिनी कार्यवाही के बाद मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## णेशी तालाब अतिक्रमणः सीएम ने आगमन ने डाला खलल






हरिभूमि न्यूज लांजी।

विगत दिनों नगर के हृदय स्थल गणेशी तालाब में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिये जब बुलडोजल चलाया तो नगरवासियों को गणेशी तालाब के शीघ्र ही अतिक्रमण मुक्त होने की उम्मीद थी। परंतु उक्त कार्यवाही सिर्फ मुंह दिखावे वाली कार्यवाही साबित हुई और एक दिन की कार्यवाही के बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में जा चुका है। उल्लेखनीय है की नगर परिषद के ठीक सामने स्थित गणेशी तालाब जो लगभग 7 एकड़ में फैला है की पार पर आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिसके संबंध में लगातार प्रशासन के संज्ञान में लाने के बाद सीमांकन और उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ हुई परंतु राजनीतिक दबाव और रसूखदारों की पहुंच से कार्यवाही एक दिन के बाद दोबारा प्रारंभ नहीं हो सकी। जिससे गणेशी तालाब के अतिक्रमण मुक्त होने पर फिर एक बार संशय उत्पन्न हो चुका है। लोगों का कहना है की सीएम के आगमन का तो अधिकारियों को एक बहाना मिल गया है। सीएम के कार्यक्रम के पश्चात भी कोई कार्यवाही होगी यह निश्चित नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी नगर में आते जाते रहेंगे परंतु गणेशी तालाब में अंगद की तरह जमे अतिक्रमणकारियों पर गाज गिरना भविष्य में भी संभव नजर नहीं आता।

### चौदह में चार लोगों के हटाये गये थे अतिक्रमण

विगत दिनों जब नगर परिषद द्वारा गणेशी तालाब की पार पर अवैध रूप से कब्जा करके बैठे 14 लोगों को नोटिस दिया गया था जिन्हें 48 घंटे के भीतर कब्जा हटाने के लिये कहा गया था परंतु उक्त समयावधि में भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर परिषद द्वारा प्रशासन की मदद से पहले दिन 4 लोगों के अतिक्रमण हटाये गये थे जिनमें रेखा भागवत आसटकर, गायत्री मंदिर, रेखा शिवचरण, प्रभुदयाल आसटकर का आंशिक अतिक्रमण हटाया गया है। वही सकील, उमादेवी पसीने, नवीत खान, ताराबाई लोधी, देवेन्द्र किरने, मेहतर दद्दुजी, पुरनलाल रोशन, रामदास व अनिल गढ़वाल के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शेष है।

### इनका कहना है

12 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का लांजी आगमन संभावित है जिसके कारण उक्त कार्यवाही में देरी हो रही है। अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर प्रशासन द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है सीएम के कार्यक्रम के पश्चात उक्त कार्यवाही को सुचारू रूप से अंजाम दिया जाएगा।

**बी.एल. लिल्हारे, सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

### जल संरक्षण की ली शपथ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा अभियान की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड वारासिवनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत आज शासकीय शंकरसाव महाविद्यालय वारासिवनी में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओ को शपथ भी दिलाई गई। संगोष्ठी में चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए।

### प्रीलिटिगेशन के कुल 137 प्रकरणों में 20,57,755/- रूपये वसूल

## नेशनल लोक अदालत में कुल 178 प्रकरणों का हुआ निराकरण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 10 मई 2025 दिन शनिवार को तहसील न्यायालय वारासिवनी में श्रीमती कविता इवनाती विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी द्वारा वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यक्रम प्रातः साढ़े 10 बजे माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर पुष्प सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, अन्य कर्मचारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में कुल 05 खण्डपीठों का गठन किया गया था। जिसमें से खण्डपीठ क्र.14 के पीठासीन अधिकारी प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश मीणा की खण्डपीठ से विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष प्रकरणों में 02 मामलों का निराकरण कर 89,339/-रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई एवं हिन्दू विवाह से संबंधित 02 मामलों एवं आपराधिक अपील से संबंधित 01 मामले का निराकरण किया गया। खण्डपीठ में कुल 05 प्रकरणों का निराकरण कर कुल 89,339/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता निलेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### राजीनामा योग्य प्रकरणों का हुआ निपटारा

## व्यवहार न्यायालय में द्वितीय नेशनल लोक अदालत हुई संपन्न



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिलाअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय न्यायाधीश सतीश शर्मा के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय कटंगी में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ. सुबह न्यायालयीन समय पर पीठासीन अधिकारी श्रीमती नेहा ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया. इस दौरान कटंगी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के.एस.पटले, अधिवक्ता टोपेश ठाकरे सहित सभी अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे. नेशनल लोक अदालत में श्रीमती नेहा ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय में लंबित 07 प्रकरणां का निराकरण किया गया. जिसमें 11 लोग लाभान्वित हुए. धारा 138 मोटर व्हीकल एक्ट के 01 प्रकरण का निराकरण 10 लाख रुपए की राशि में किया गया. जिसमें 02 लोग लाभान्वित हुए. धारा 125 और धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम में 03 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 13 लोग लाभान्वित हुए. बैंकों के वसूली लंबित प्रकरणों में 03 प्रकरणों का निराकरण कर 2 लाख 25 हजार रुपये की वसूली की गई. नगर परिषद के जल कर के 10 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 40,150 रुपये की राशि वसूली की गई. संपत्ति कर के 15 प्रकरणों में 45,660 रुपये और नजूल के 11 प्रकरणों का निराकरण कर 10,640 रुपये की राशि वसूली की गई. शाम 05 बजे न्यायालय ने प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी साझा की है. नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायालयीन कर्मचारी मधुसुदन नागेश्वर, हितेन्द्र कुमार गढ़पाल, टेकराम राहंगडाले राजेश कड़व, समीर बिसेन, मुकेश उके, देवेन्द्र ठाकरे, उमेश भगत, श्रीमती वीणा पटले, श्रीमती पुष्परेखा हिरकने, श्रीमती हेमलता चौधरी, सना खान, राधा सनोडिया, आदेशिका वाहक भूपेन्द्र, देवस्थ जागंड़े, कोर्ट मोहर्रिर राकेश मेश्राम व्यवहार न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण और तमाम विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लांजी के नई सीईओ रामगोपाल यादव ने संभाला पदभार

### हितग्राहियों को समय पर शासन की योजना का लाभ दिलाना ही प्रथम प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी के नये मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर रामगोपाल यादव ने शनिवार को पदभार संभाला। इससे पहले लंबे समय से यहां एसडीएम कमलचंद सिंहसार यहां अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ थे। नये सीईओ के पदभार ग्रहण करने के बाद श्री यादव ने कहा कार्यालयीन कार्य निर्धारित समय पर पूरा होगा। पदभार ग्रहण करने के बाद सीईओ एलएन सिदार ने कहा कि पूरे विकास खंड में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समय सीमा पर मजदूरी भुगतान एवं शासन की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन करना पहली प्राथमिकता होगी। वर्तमान में जो शासन की योजनाएं चल रही है, जिसमें प्राथमिकता पर अभी मनरेगा योजना है जिसमें 30 मार्च से 30 जून तक जो जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है उसके तहत शासन ने निर्देश दिये हैं की हितग्राहियों से खेत तालाब बनवाना है, जैसे की बालाघाट जिले में मुख्यतः खेत तालाबो की मांग रहती है। खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है साथ ही हमारे और भी जो अन्य कार्य है जैसे 15 वे वित्त के काम या फिर अन्य कार्य सुचारू रूप से चल रहे है। श्री यादव ने जनपद में अपनी अधीनस्थ सभी अधिकारी कर्मचारियों से अपील कर कहा की सभी को समन्वय के साथ मिलकर समय सीमा में अपने कार्य संपादित करने हैं और जनपद क्षेत्र की सभी 77 पंचायतों के सचिव एवं जीआरएस से भी अपने कार्य में निरंतरता और प्रगति बनाये रखने कहा है। उन्होंने कहा कि किसी तरह से कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है की जनपद सीईओ रामगोपाल यादव की यह पहली पदस्थापना है।

**खबर संक्षेप**

### सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में अनुतीर्ण विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा का टाइम टेबल घोषित

केवलारी -माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा अनुतीर्ण बिषयो की परीक्षा देने या अंक सुधार के लिए परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुतीर्ण विषय अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा नामकरण से कार्यक्रम घोषित किया हुआ है। बर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा दिनांक 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रातः 9:00 से 12:00 तक निर्धारित किये गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि 7 मई 2025 से 21 मई 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फॉर्म भरे जा सकते हैं।

# त्यौहार के मद्देनज़र गौ वंश तस्करी, गौ हत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने दस हजार रूपये का ईनाम

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा आगामी त्यौहार को देखते हुए बैठक आयोजित करने के संबंध में हेतु सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं शएस.डी.ओ.पी लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देशन मे थाना धूमा थाना स्तर पर आगामी त्यौहार को देखते हुए बैठक आयोजित कर नागरिको को बुलाया जाकर राजस्व की टीम के साथ जन संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इसी दौरान दिनांक 10.05.2025 को ग्राम गरघटिया थानाधूमा में एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीणों के साथ मीटिंग आयोजित कर आगामी बकरीद त्यौहार के मद्देनज़र गौ वंश तस्करी, गौ हत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही उनके द्वारा सुचना ना देने पर शासन की ओर से उन्हें 10,000 रूपये नगद इनाम देने और नाम गोपनीय रखे जाने की जानकारी भी दी गई।



धूमा पुलिस द्वारा किया गया जन संवाद बैठक का आयोजन

इस कार्यक्रम बैठक मे अपूर्व भलावी ए स डी ओ पी लखनादौन, ललित ग्वालवंशी नायब तहसीलदार धूमा, सागर श्रीवास्तव वन परिक्षेत्र अधिकारी कहानी, भुवनपाल सिह बघेल पटवारी, आकाश डिटोरिया पटवारी, जगमोहन शिवहरे परिक्षेत्र सहा.कहानी, वीर सिह परस्ते बीट गार्ड ककरतला, ग्राम सरपंच, सचिव एवं अन्य ग्राम प्रतिनिधी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकजन एवं थाना धूमा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम / बैठक उपरांत सभी को हिदायत देकर रूकरत किया गया।

जिसमे क्षेत्र के विभिन्न नागरिको ने भाग लिया जिनकी समस्या एवं सुझाव को सुना गया एवं पुलिस कार्यवाही एवं नागरिको के अधिकार, दायित्व एवं अपराध के सबंध मे आवश्यक जानकारीयो से अवगत कराया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम का समापन किया जाकर कार्यक्रम की सूचना वरिष्ठ कार्यालयो को नोट कराई गई है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपनिरी. शत्रुघन पटले, सउनि रविन्द्र प्रताप सिह राजपूत, सउनि जयराम ठाकुर, प्र.आर. दिलराज मारपे, आर. अरूण पटेल, आर. भैय्यन अंसारी एवं सै. शीलचंद का सराहनी योगदान रहा।

## पड़ोसी जिले के चार पहिया वाहन सहित साउण्ड सिस्टम पुलिस ने किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता बिना अनुमति तेज आवाज डी.जे. बजाने वाले पर अंकुश लगाने के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्रवाई हेतु अपेक्षित हैं। जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार बिना अनुमति के डीजे बजाने वाले संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं। इसी क्रम में दिनांक 09/05/2025 की रात्रि में नागपुर रोड रेल्वे क्रासिंग के आगे साँई मंदिर के सामने मेन रोड पर बहुत तेज आवाज से डी.जे. साउण्ड में गाने बजाये जा रहे हैं जिसकी तेज आवाज से आसपास के रहने वाले निवासियों को परेशानी हो रही है सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मौके पर पहुँचकर सूचना की तस्दीक की गई जो सूचना सही पायी गई। मौके पर कन्हैया डी.जे. के संचालक द्वारा काफी तेज साउण्ड में गानें बजाये जा रहे थे जो डी.जे. संचालक कन्हैया वर्मा पिता अवध लाल वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना कुंडीपुरा थाना के सामने थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा से डी.जे. बजाने की अनुमति के संबंध में पूछने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया एवं कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। जो डी.जे. संचालक कन्हैया वर्मा का कृत्य अपराध धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द किया गया हैं। नाम आरोपी कन्हैया वर्मा पिता अवध लाल वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना कुंडीपुरा थाना के सामने थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा।

# बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित झिंझरई का गठन किया गया किसानों की मांग 14 वर्षों की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले से 154 किलोमीटर सुदूर आदिवासी बनंचल नर्मदा तट बरगी बांध विस्थापित किसानों ने निरंतर शासन प्रशाशन से मांग करते रहे 14 साल बाद आज मांग पूरी हुई ओर केदारपुर बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 67 से किसानों को सुविधाएं हो लोग खेती लाभ का धंधा बने मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप किसानों की मांग को देखते हुए सहकार से समृद्ध योजना अंतर्गत कृषक सदस्यों की सुविधा की दृष्टि से नवीन बहुउद्देशीय फैक्स के गठन हेतु मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय भोपाल




के पत्र क्रमांक COP-0129/2023/ 15- 1 भोपाल के अनुसार कलेक्टर सिवनी की अध्यक्षता में गठित समितिDCDC की बैठक 10/3/2025 के अनुसार खाले घाट की 6 पंचायत की पूर्व प्रस्ताव सहित सहमति से 19 ग्राम झिंझर, झुरकी, टीकरिया, पिपरिया, सेलबडा, निचली, बुधीरा, सिंघानपुरी, डूकरकूही, डुंगरिया, सेलूआ, गांगपुर, ब_ यौहारी, छापल, धनवाही, पड्डिकोना, खुर्सीपार ओर समस्त 6 पंचायत के क्षेत्र पोशाक ग्रामों को केदारपुर सहकारिता से नवीन बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित झिंझरई को बनाया गया है।

जिसकी आम सभा दिनांक 10 मई 2025 को केदारपुर सहकारिता समिति में सम्पन्न हुई उपस्थित किसान प्रशासक, प्रबंधक प्रशासक वाणीबिलास शर्मा, प्रशासक शशि कुमार ठाकुर, किसान केशव प्रसाद पटेल, संता मरावी, जानकी प्रसाद वरकडे, विनोद चौधरी, सुशील पटेल, आशीष पटेल, हरिशरण चौधरी, कपिल पटेल, रवि पटेल, आशुतोष चौधरी, प्रशांत पटेल, राजेश पटेल, रामलाल पटेल, पप्पू पटेल, तोकराम पटेल, दीपक पटेल शामिल रहे।

## गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुञ्ज हरिद्वार के मार्गदर्शन में लाखों घरों में वैसाखी बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर 11 एवं 12 मई को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना अभियान अन्तर्गत घर-घर गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया जाना है। आप सभी श्रद्धालु सज्जनों से विनम्र निवेदन है आप स्वयं ही अपने स्तर पर निर्धारित तिथियों में प्रातःकाल 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ अवश्य करें। यज्ञ के लिए आवश्यक पूजन सामग्रियाँ जुटा लें और धूप/हवन सामग्री से आहुतियाँ दें।जहाँ हवन सामग्री नहीं भी उपलब्ध है तो वह लोग कम से कम गुड़, घी, चावल, जवा, तिल आदि मिलाकर धूप बनाकर इन पदार्थों से श्रद्धा पूर्वक गायत्री मंत्र के द्वारा 11 आहुतियाँ और महामृत्युञ्जय मंत्र से 3 आहुतियाँ यज्ञ भगवान को प्रदान करें। सभी के लिए सद्बुद्धि सभी के लिए उज्ज्वल भविष्य की भावना के साथ आहुतियाँ प्रदान करें।

# ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाले शूरवीर भी हैं किसी मांग के सिंदूर-मातृ शक्ति संगठन



महामृत्युंजय यज्ञ एवं रुद्राभिषेक..

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आतंक का नासूर मिट्टी में मिलाने का प्रण लेकर सरहद पर डटी हमारी भारतीय सेना, सुरक्षा बलों का सुरक्षा कवच अभेद्य रहे ऐसी प्रार्थना महाकाल से करते हुए सभी ने डाली आहुति। मातृशक्ति संगठन सदा से भारत माता की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षा बलों के जवानों और अधिकारियों के कार्य को अत्यधिक सम्मान देता रहा है। संगठन द्वारा सरहद पर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाले जवानों, अधिकारियों का सुरक्षा चक्र बलवान करने हेतु महाकाल प्रभु शिवशंकर जी से विनती करते हुए महायज्ञ का आयोजन किया गया । सिवनी के समस्त देशभक्त सम्माननीय नागरिक बंधु, जनप्रतिनिधि , पुलिस प्रशासन, ,मध्यप्रदेश कलाकार संघ,महाकाल मठ मंदिर समिति सभी ने उपस्थिति हो कर भारतीय सैनिकों का सुरक्षा की कामना की।मठ मंदिर का पवित्र प्रांगण मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा। यज्ञ वेदी से उठने वाली धधकती ज्वालाएं मानों भारत मां के द्रोहियों को भस्मीभूत करना चाहती है ऐसा प्रतीत हो रहा था। पूर्ण आहुति के बाद आरती की गई। समापन पर समस्त श्रद्धालु भाई बहनों को प्रसाद वितरित करते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे लगाए गए।

# जनसमुदाय के सहयोग से की गई प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई और जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जल_गंगा_जल_संवर्धन_अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत अभियान परिषद द्वारा मेंटर्स, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों, प्रस्फुटन समिति सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जन समुदाय की सहभागिता से जल संरक्षण के लिए प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी एवं अन्य जल संरचनाओं में निरन्तर स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चाँवडी में जल संरक्षण अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की गईं। जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को सुबह लखनवाड़ा मे स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी में साफ सफाई की गई।

इस अभियान में परिषद के विकासखण्ड समन्वयक एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता



रही। इसी प्रकार परिषद ने श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। स्थानीय जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा बावड़ी से प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, विकासखंड समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया, परामर्शदाता कविता बेले, धीरेन्द्र चौरसिया, पीयूष दुबे, राहुल पाण्डे, छात्र अर्चना सोनी, सोनिया ठाकुर, रेखा डहेरिया, शुमन उइके, अर्चना सोनी, रानू साहू, देव संस्कृति फाउंडेशन के अशोक शिववेदी, सहित सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे। विकासखंड सिवनी में जन समुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूक करने एवं अभियान के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लखनवाड़ा द्वारा जल चौपाल एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## भारत में कर प्रणाली का महत्व एवं उपयोगिता पर व्याख्यान का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ द्वारा दिनॉक-10 मई 2025 को ''भारत में कर प्रणाली'' के महत्व विषय पर व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।

व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ रविशंकर त्रिपाठी (कर सलाहकार) ने भारत में कर व्यवस्था के सभी पक्षों पर विद्यार्थियों का विस्तृत ज्ञानवर्धन किया और विद्यार्थियों के भारत में कर व्यवस्था के पक्षो को जाना व विद्यार्थियों ने भी प्रश्नों के माध्यम से अपने सभी संशय दूर करते हुए विषय पर रूचि दिखाई। इस व्याख्यान कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ प्रभारी सुरेन्द्र सिंह अलावा समेत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

# ग्रीष्मकालीन खेलकूद शतरंज का प्रशिक्षण शिविर

**ग्रीष्मकालीन खेलकूद शतरंज प्रशिक्षण शिविर जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन खेलकूद शतरंज प्रशिक्षण शिविर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में चल रहा है ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ज्ञात हो की इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विगत दिवस हॉकी स्टेडियम में माननीय विधायक श्री दिनेश राय जी द्वारा किया गया है, माननीय विधायक जी ने शतरंज खेल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अपनी ओर से टी शर्ट प्रदान करने हेतु घोषणा की है । खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रत्यक्ष किए जाएंगे।

**प्रशिक्षण शिविर की अवधि**

शतरंज का प्रशिक्षण दिनांक 6 मई से 6 जून 2025 तक आयोजित हो रहा है, इस प्रशिक्षण शिविर में शतरंज खेलने वाले एवं शतरंज खेल को सिखाने वाले छात्र एवं छात्राएं प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस शतरंज प्रशिक्षण शिविर को शतरंज खेल में पारंगत प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



**शतरंज खेल से प्रशिक्षकों को फायदे-** शतरंज खेल से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास, सोचने विचारने की शक्ति, कल्पना शक्ति, निरीक्षण शक्ति, स्मरण शक्ति, एकाग्रता, संवेदना आदि गुणों का विकास होता है।

यह खेल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में आयोजित सभी खेलों से अलग खेल है।

ग्रीष्मकालीन शिविर में लगाए गए प्राय सभी खेल में ताकत एवं अत्यधिक जोर लगाने वाले खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, किंतु शतरंज दुनिया का दिमाग पर जोर लगाकर खेला जाने वाला खेल है ।यह खेल 1500 वर्ष पुराना है ।

अतः समस्त छात्र छात्राओं से अनुरोध है ग्रीष्मकालीन की छुट्टियों का समुचित लाभ उठाएं और शतरंज सिखाने हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में उपस्थित हो।

# धरना प्रदर्शन, रैलियां एवं सभाओं के आयोजन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन, रैलियां एवं सभाओं के आयोजन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलुस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था, या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया /इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाईल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप्प एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आमजन की भावना भड़काने वाले अथवा किसी को बुरा लगने या आहत करने वाले व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मेसेज / चित्र/कमेंट/ बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा / प्रदर्शित नहीं करेगा। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित है तथा वर्तमान परिस्थितियों में सूचना की तामीली सम्यक समय में प्रत्येक संबंधित व्यक्ति की व्यक्तिशः सुनवाई किया जाना संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से सिवनी जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रभावशील होगा तथा आदेश का उल्लंघन करने पर भा.न्या.सं. की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डित किया जाएगा। यह आदेश जारी होने की दिनांक से एक माह तक प्रभावशील रहेगा।

## अपने ननिहाल पनागर में होने वाले पंचकल्याणक में सिवनी के सवाई सिंघई बाझल परिवार के नमन बने सौधर्म इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी नगर के वैभवशाली जैन परिवारों में एक बड़े परिवार के रूप में प्रतिष्ठित सवाई सिंघई बाझल परिवार प्रारंभ से ही पीढ़ी दर पीढ़ी सामाजिक राजनीतिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में अग्रणीय हो कर नगर की सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। इस परिवार के पूर्वजों द्वारा लगभग दो सदी पूर्व सिवनी एवं गिरनार तीर्थ पर क्रमशः दो व एक ऐसे कुल 3 भव्य शिखरबंद दिगंबर जैन मंदिरों का निर्माण कराया।

इसी बाझल परिवार में स्वर्गीय सवाई सिंघई मोतीलाल राजेंद्र कुमार जी बाझल की वर्तमान पीढ़ी एवं राजेंद्र मेडिकल स्टोर के संचालक व दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स. सिं. मिलन बाझल एवं श्रीमती नीलम बाझल के सुपुत्र नमन नेअपने ननिहाल पनागर में परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पट्ट परंपरा पर आसीन वर्तमान पट्टाधीश पूज्य आचार्य समयसागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में दिनांक 15 से 21 मई 2025 तक आयोजित श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सर्वोच्च सौधर्म इंद्र का पद प्राप्त किया है सौधर्म इंद्राणी के रूप में उनके साथ महोत्सव की सभी धार्मिक क्रियाओं में उनकी धर्म पत्नि पल्लवी साथ होंगी।

# फरार शराब तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अर्टिगा कार में 36 पेटी शराब छोडकर भागा था आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडेय के मार्गदर्शन में डूंडासिवनी पुलिस व्दारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम लगाने हेतु सतत सक्रीय है इसी तारतम्य में दिनांक 28/04/2025 को थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा एक सफेद रंग की अर्टिगा कार कार क्रमांक MP50R5050 में अवैध परिवहन करते हुए 36 पेटी देशी शराब सफेद एवं लाल मसाला कुल 1396 पाव (323.28 लीटर) अवैध शराब जप्त करने में बड़ी सफलता



प्राप्त की गई थी मौके से आरोपी कार एवं शराब को छोडकर भाग गया था जिसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 187/2025 धारा 34(2) आब.एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी जो विवेचना के दौरान आरोपी जयकृष्ण उर्फ भोला रूनिझा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अवैध शराब परिवहन करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी हैं। पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी के विरूध्द थाना आदेगांव में आबकारी एक्ट के 03 प्रकरण एवं थाना छपारा में आबकारी एक्ट का 01 प्रकरण पंजीबध्द है। घटना दिनांक को आरोपी वाहन मालिक भूपेन्द्र डेहरिया एवं शराब ठेकेदार कामता जयसवाल के साथ मिलकर शराब तस्करी करवा रहा था।

## जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत आने वाली शालाओं में विगत वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं का 30 प्रतिशत तथा 12वीं का 19 प्रतिशत बढ़ा रिजल्ट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि सिवनी अंतर्गत जिले में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 87.56 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा है। जनजातीय कार्य विभाग सिवनी अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कक्षा 10वीं में 30 फीसदी एवं कक्षा 12वीं में 19 फीसदी परीक्षा परिणाम बढाकर कीर्तिमान रचा गया है। उन्होंने बताया कि जिले के आदिवासी विकासखण्ड घंसौर के शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घंसौर की छात्रा कुमारी कुमकुम सेन ने 500 में से 462 अंक हासिल कर 92.40 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा 12वीं में कला संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विकासखण्ड छपारा के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौडियामाल की छात्रा कुमारी शोऐबा खान ने 500 में से 459 अंक हासिल कर 91.80 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा 12वीं में कला संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरई की छात्रा कुमारी उज्जवल साहू ने 500 में से 472 अंक हासिल कर 94.40 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा 12वीं में गणित संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरियागोसाई, वि.ख. लखनादौन के छात्र आकाश श्रीहर ने 500 में से 473 अंक हासिल कर 94.60 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा 12वीं में कृषि संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

**प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सम्पन्न**

# नागरिकों की सुविधा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार किए गए-एसएन मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य एसएन मिश्रा, मुकेश शुक्ला और सचिव अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय बैठक कर आयोग के प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया।

आयोग के सदस्य एसएन मिश्रा ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा है कि प्रशासन जनोन्मुखी हो, आम जनों के लिए सुलभ हो, सभी जिलों में शासन की क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचे और आम जनों को दी जा रही सुविधाओं बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का बेहतर क्रियान्वयन हो। उन्होंने प्रशासनिक इकाइयों की पद संरचना एवं उनके आकार एवं कार्यों के



अनुपात में पदों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक इकाइयों की पद संरचना के युक्तियुक्तकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला।

आयोग के सदस्य श्री एसएन मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप तहसील, उपखण्ड पुनर्गठन यदि प्रस्तावित हो तो वे इस तरह किया जाए ताकि प्रशासनिक सेवाएं जिले के नागरिकों को और अधिक सुगमता से प्राप्त हो सकें। जिला मुख्यालय पर अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले खंड, तहसील एवं ग्रामीण नागरिकों को समय पर सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिले सके। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का आंकलन कर जिला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर सभी सुझावों को एकत्रित कर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। आयोग के सदस्य श्री मुकेश शुक्ला ने म.प्र. प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन आयोग की कार्यप्रणाली प्रकाश डालते हुए आयोग के टर्म ऑफ रिफेंस एवं उन पर कार्य करने की प्रक्रिया पर विस्तार से बताया गया। उन्होंने प्रश्नावली के माध्यम से भौगोलिक कारक, बुनियादी ढॉचे, आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारक व सामाजिक संरचना, जनसांख्यिकी कारक, सुरक्षा तथा विधि व्यवस्थाओं की चाही गई बिंदुवार जानकारी पर विस्तार से चर्चा कर जिला प्रशासन से अपेक्षाओं से अवगत कराया। बैठक में सचिव श्री सिंह ने कहा कि ग्राम स्तर पंचायत स्तर, राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर, तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक करें। इसमें किसी भी प्रशासनिक इकाई का कोई युक्ति युक्तिकरण, विलोपन, नवीन सृजन किया जाना है, तो उसका उचित प्रस्ताव तैयार कर प्रश्नावली को अद्यतन कर पृथक से शामिल कर कलेक्टर को भिजवायें। जिले की समस्त तहसीलों एवं अनुविभागों की बैठक के उपरांत कलेक्टर अपने स्तर पर अधीनस्थों से प्राप्त प्रस्ताव पर युक्ति युक्तिकरण पर वृहद चर्चा कर उस प्रस्ताव को अंतिम रूप से तैयार कर एवं प्रश्नावली को अद्यतन कर आयोग को भेजेंगे। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व से प्राप्त मांगों, सुझावों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर समीक्षा उपरांत जिले का एक अंतिम प्रस्ताव बनाकर प्रश्नावली को अद्यतन करेंगे।

## स्थानापन्न सरपंच का प्रभार निर्वाचित पंच साधना सोनवाने को दिलाने का आदेश सीईओ ने किया जारी

# झालीवाड़ा सरपंच की अपील कलेक्टर ने निरस्त की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में पंच श्रीमती साधना सोनवाने को स्थानापन्न सरपंच का प्रभार तत्काल दिलवाने का आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी वारासिवनी द्वारा ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के सचिव छोटेलाल राणा को 9 मई 25 को जारी किया गया हैं। जिसके बाद अब ग्राम पंचायत झालीवाड़ा को नवीन सरपंच मिल जायेगा और पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो को गति मिलेगी।

**14 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के माध्यम से हटाया था सरपंच को:** विदित हो कि ग्राम पंचायत झालीवाड़ा की सरपंच अनुसूया अशोक शरणागत के खिलाफ पंचायत के 19 पंचों द्वारा 3 फरवरी 25 को अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया था। जिस पर विधिवत कार्यवाही करने के बाद एसडीएम वारासिवनी के निर्देश पर ग्राम पंचायत भवन झालीवाड़ा में 14 फरवरी 25 को सभी पंचों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें 2 के खिलाफ 18 मतों के बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था और इस प्रकार सरपंच अनुसूया शरणागत को पद से पृथक कर दिया गया था।

**स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही करने का आदेश दिया था जिला पंचायत सीईओ ने:** इस पूरी कार्यवाही की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी द्वारा जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजी गई थी। जिसका अवलोकन करने के बाद जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने 6 मार्च 25 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 में विहित प्रावधानों के तहत स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही नियमानुसार करवा कर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए थे।






**जनपद सीईओ ने 10 मार्च को स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही के दिए थे आदेश:** जिसके परिप्रेक्ष्य में सीईओ जनपद पंचायत वारासिवनी ने स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही सम्पन्न करवाने के लिए 10 मार्च 25 की तिथि निर्धारित करते हुए निर्वाचन का दायित्व पीठासीन अधिकारी नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया की उपस्थिति में खंड पंचायत अधिकारी इरफान खान, पंचायत समन्वयक रमेश पटले, सचिव छोटेलाल राणा सहित अन्य लोगों को सौंपा था। जिसका परिपालन करते हुए इन अधिकारियों ने 10 मार्च 25 की सुबह 12 बजे से पंचायत भवन झालीवाड़ा में स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही सम्पन्न करवाने के लिए पंचों की बैठक बुलाई। जिसमें पंचायत के सभी 19 पंच व सरपंच उपस्थित हुए।

**पंचों ने साधना सुरेश सोनवाने को सर्वसम्मति से स्थानापन्न सरपंच चुना:** बैठक में अधिकारियों ने जिला पंचायत बालाघाट के सीईओ के आदेश और धारा 38 के बारे में विस्तृत जानकारी पंचों को प्रदान की और उसके बाद स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी पंचों ने एकमतेन सर्वसम्मति से हाथ उठाकर सरपंच पद पर अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला पंच श्रीमती साधना सोनवाने के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की और इस प्रकार श्रीमती साधना सोनवाने को पंचों ने स्थानापन्न सरपंच के पद पर चुन लिया। जिसकी पूरी कार्यवाही विधिवत रुप से सचिव द्वारा रजिस्टर में दर्ज कर ली गई और श्रीमती सोनवाने को स्थानापन्न सरपंच घोषित कर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई। इस मौके पर सरपंच अनुसूया अशोक शरणागत को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने अपना पक्ष रखने से इंकार कर दिया।

**कार्यवाही पूर्ण होने के बाद आया व्हाट्सअप मैसेज:** इस कार्यवाही के पूर्ण होने के बाद जब सभी पंच पंचायत भवन से बाहर निकल रहे थे, तभी निर्वाचन करवाने के लिए आए अधिकारियों के मोबाईल पर एक मैसेज आता हैं, जिसमें अपर कलेक्टर बालाघाट द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ को भेजे गए पत्र की प्रति थी। इस पत्र में अपर कलेक्टर बालाघाट ने स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही को आगामी आदेश तक स्थगित करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के अनुसार सरपंच अनुसूया शरणागत के खिलाफ पारित अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक अपील अपर कलेक्टर बालाघाट के समक्ष पेश की गई है, जिसमें प्रकरण विचाराधीन हैं, इसीलिए स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पर स्थगन दिया गया हैं।

**पंचों को पढक़र सुनाकर टीम में लिखा- निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी:** इस पत्र के व्हाट्सएप पर मिलने के बाद अधिकारियों ने पत्र को सभी पंचों को पढक़र सुनाया और उसके बाद स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही के रजिस्टर में अंत में उन्होंने अपनी टीम लिखी। जिसमें उन्होंने स्पष्ट रुप से लिखा हैं कि उपरोक्तानुसार अर्थात स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद कलेक्टर बालाघाट का पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसे पंचों को पढक़र सुनाया गया हैं। अपर कलेक्टर बालाघाट के इस पत्र से सभी पंचों में आक्रोश फैल गया था। उन्होंने इसका विरोध जनपद पंचायत वारासिवनी पहुँच कर किया था। जिस पर अधिकारियों ने स्थानापन्न सरपंच की प्रक्रिया को अपर कलेक्टर बालाघाट के आगामी आदेश तक के लिए सुरक्षित रख लिया था।

**कलेक्टर बालाघाट ने अप्रामाणिक व आधारहीन पाते हुए अपील निरस्त कर दी:** जिसके बाद इस मामले में अपर कलेक्टर बालाघाट के न्यायालय में सुनवाई के बाद उन्होंने प्रकरण को कलेक्टर बालाघाट के सामने प्रस्तुत कर दिया था। जिस पर कलेक्टर बालाघाट द्वारा सभी पक्षों की बातों को सुनने के बाद एक मई 2025 को आदेश पारित करते हुए अपीलार्थी सरपंच अनुसूया अशोक शरणागत द्वारा पेश की गई अपील को अप्रमाणिक व आधारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विहित प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी को निर्णय की पति संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत को तत्काल सूचित करते हुए आगे की आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने व समस्त पक्षकारों को आदेश की जानकारी देने का निर्देश जारी किया था।

**एसडीएम ने सीईओ को स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही के लिए लिखा पत्र:** जिसके परिप्रेक्ष्य में अनुविभागीय अधिकारी विहित प्राधिकारी वारासिवनी ने 8 मई 2025 को एक पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी को भेजकर ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही करने के आदेश दिए थे।

**सीईओ ने दी स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही 10 मार्च 25 को ही पूर्ण होने की जानकारी:** अनुविभागीय अधिकारी विहित प्राधिकारी वारासिवनी के पत्र के जवाब में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी ने 9 मई 2025 को एक पत्र भेजकर जानकारी दी कि ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 183 की धारा 38(1)(ख) के अनुसार स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही जिला पंचायत बालाघाट के 6 मार्च 2025 के अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद 10 मार्च 2025 को स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई थी। लेकिन 10 मार्च 2025 को ही ग्राम पंचायत झालीवाड़ा सरपंच के अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध न्यायालय अपर कलेक्टर बालाघाट के समक्ष अपील प्रस्तुत होने के कारण उक्त कार्यवाही को आगामी आदेश तक स्थगित कर ग्राम पंचायत में यथा स्थिति रखी गई थी।

पत्रानुसार न्यायालय कलेक्टर बालाघाट द्वारा प्रकरण में 1 मई 2025 को आदेश पारित करते हुए अपील को अप्रामाणिक व आधारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया गया हैं। चूँकि जिला पंचायत बालाघाट के पत्रानुसार स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही 10 मार्च 2025 को पूर्ण कर श्रीमती साधना सोनवाने को स्थानापन्न सरपंच निर्वाचित कर लिया गया है। इसीलिए प्रकरण को सचिव ग्राम पंचायत झालीवाड़ा को स्थानापन्न सरपंच का प्रभार साधना सोनवाने को दिलाने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया हैं।

---

### मार्च 2026 तक काम पूरा होगा, बैहर में पहली बार मंत्री का दौरा

## प्रहलाद पटेल बोले- 25 लाख से अनाज भंडार सह सामुदायिक भवन बनेगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दक्षिण बैहर में पहली बार मंत्री का दौरा हुआ है। मंत्री प्रहलाद पटेल ने बिरसा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत चौरिया का दौरा किया। उन्होंने गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत देवनदी के उद्गम स्थल का पूजन किया।



मंत्री पटेल ने डाबरी से लांजी मार्ग के निर्माण और पंचायत में 25 लाख से अनाज भंडार सह सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा की है। साथ ही वादा किया कि आगामी मार्च 2026 तक यह दोनों कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

लेकिन जिस तरह से डाबरी से लांजी का मार्ग दुर्गम और घुमावदार है। उससे लगता नहीं कि यह मार्च 2026 तक पूर्ण हो पाएगा। हालांकि इस 30.60 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण 2018 से विवाद में फंसा रहा।

इस पर मंत्री ने कहा कि पुराने कॉन्ट्रैक्ट को टर्मिनेट कर नया टेंडर बुलाया गया है। जिसमें पांच लोगों ने टेंडर भरा है। जिसमें डिसप्यूट है, उसे कल वह क्लियर कर देंगे।

मंत्री बोले- नर्मदा के 247 जगहों पर किया जाएगा पौधारोपण

उद्गम स्थल से पानी के सूख जाने के पीछे उन्होंने यहां पौधों की कटाई और बोरिंग को इसका कारण बताते हुए कहा कि नदियों के जल को संरक्षित करने की जिम्मेदारी अकेली सरकार की नहीं बल्कि आम जनता की भी है।

उन्होंने बताया कि नर्मदा के 247 जगहों पर सघन वृक्षारोपण किया जाएगा और अब वृक्षारोपण वहीं होगा, जहां फेसिंग लगी होगी।

---

## भालू का हमला : तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो महिलाओं और एक बुजुर्ग घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शनिवार को तेंदूपत्ता तोड़ने गए तीन ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया। कान्हा के खापा क्षेत्र और पश्चिम बैहर के वन परिक्षेत्र में यह घटना हुई।



घायलों में कश्मीरी निवासी 33 वर्षीय महिमा धुर्वे, कुमादेही निवासी 58 वर्षीय लीला बिसेन और तिरगांव निवासी 62 वर्षीय जैसवाल इनवाती शामिल हैं। सभी घायलों को पहले बैहर अस्पताल लाया गया।

**पैर और कूल्हे पर हमला:** भालू ने एक महिला के पैर की पिंडली और दूसरी महिला के कूल्हे पर हमला किया। बुजुर्ग को सीने और सिर पर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद लीला बिसेन को जिला अस्पताल और जैसवाल इनवाती को गोंदिया अस्पताल रेफर किया गया। महिमा धुर्वे का इलाज बैहर अस्पताल में जारी है।

**ग्रुप में जाएं ग्रामीण :** खापा परिक्षेत्र अधिकारी संध्या देशराज का कहना है कि तेंदुपत्ता तोड़ने, ग्रामीण सावधानी के साथ जाए। वह ग्रुप में और दिन निकलने के बाद ही जंगल में जाए और पूरी सावधानी बरते।

**मिलेगी आर्थिक सहायता:** पश्चिम बैहर वन परिक्षेत्र अधिकारी कंदर्प भट्ट ने बताया है कि अप्रिय स्थिति में विभाग के नियमानुसार आर्थिक मदद की जाएगी।

**बुजुर्ग की हालत गंभीर:** बैहर बीएमओ डॉ. हरीश मसराम ने बताया कि महिलाओं की स्थिति सामान्य है, लेकिन बुजुर्ग को अधिक चोटें आई हैं, जिसके चलते दो लोगों को रेफर किया गया है।

---

## जीरो डोज टीकाकरण पर धर्म गुरुओ हेतु उन्मुक्खिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 10 मई को वारासिवनी विकासखंड के गुरु नानक सामुदायिक भवन में में जीरो डोज बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा टीकाकरण सेवाओं के लिए सामाजिक जवाबदेही पर समस्त धर्म गुरुओ का उन्मुखीकरण* कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक स्तर पर सभी धर्म गुरु को को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए टीकाकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था, तथा जीरो डोज बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने हेतु समुदाय एवं सामाज का सहयोग प्राप्त करना था, इस अवसर पर जि ला समन्वयक अमरदीप साहु द्वारा सभी धर्म गुरुओ को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समाज में टीकाकरण के प्रति जागरूकता पर स्लाइड के माध्यम से जानकारियाँ दी गई जिसमें जीरो डोसे की परिभाषा महत्व और लक्ष्य तथा सहयोग की जानकारी प्रेजेंटेशन के द्वारा देते हुए बताया गया, ऐसे कई बच्चे हैं जो टीके नहीं लगवा पाए हैं उन सभी को हमें टीकाकरण से जोड़ने हेतु सभी संगठनों से अपील की गई लोगों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने हेतु कहा।



---

### लोक अदालत में कॉपरेटिव बैंक के 29 प्रकरणों में हुआ समझौता

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट में किया गया। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुरूषोत्तम जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में समझौता हेतु बैंक शाखा अंतर्गत समितियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रकरण तैयार किये गये थे। जिसके चलते बैंक शाखा से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के द्वारा 29 ऋण प्रकरण तैयार करवाये गये थे। श्री जोशी ने बताया कि 29 प्रकरणों में कुल राशि रू. 70.26 लाख में से राशि रू. 56.12 लाख का समझौता हुआ जबकि राशि रू. 14.13 लाख का लाभ किसानों को प्रदाय किया गया।

---

### सरपंच वैभवसिंह ने कहा स्टेडियम से क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

## गर्रा में क्रिकेट स्टेडियम के लिए सीमांकन पूरा, जल्द बनेगी बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के क्रिकेट खिलाड़ियों का बहुप्रतिक्षित क्रिकेट स्टेडियम का सपना, जल्द ही पूरा होगा। बालाघाट की औद्योगिक नगरी गर्रा में लगभग 20 एकड़ में बनने वाले क्रिकेट स्टेडियम के लिए, शनिवार को गर्रा की पटवारी हल्का नंबर 77 में स्थित खसरा नंबर 318 रकबा के 7.899 हेक्टेयर भूमि का शनिवार को आरआई और पटवारियों की मौजूदगी में सीमांकन किया गया। इस शुरूआत के साथ ही स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई।



गर्रा पंचायत वैभवसिंह ने चर्चा में बताया कि सीमांकन के दौरान वह स्वयं यहां मौजूद थे। जो क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होना है, वह गर्रा पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 में होना है, आज मैदान को आबंटित जमीन के सीमांकन के बाद, जल्द ही इसकी बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसके बाद स्टेडियम को बनाने का कार्य भी द्रुत गति से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक डेवलपमेंट एरिया है और निश्चित ही क्रिकेट स्टेडियम के यहां बन जाने से ग्राम के इस क्षेत्र का विकास तेज गति से होगा।

उन्होंने कहा कि जिले के क्रिकेट प्रेमियों की बहुप्रतिक्षित मांग को सांसद भारती पारधी ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय से स्वीकृत कराया है, जिसमें जमीन की उपलब्धता, पंचायत ने कराई थी। वह चाहते है कि गर्रा पंचायत, एक शहर के रूप में डेवलप हो और यहां के निवासियों को वह हर सुविधा मिले, जो वह चाहते है, जिसको लेकर शुरूआत से ही, यहां क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन दिलाने से लेकर उसके जल्द निर्माण को लेकर वह हमेशा प्रयासरत रहे है और आगे भी स्टेडियम का निर्माण, जल्द हो और इसका फायदा, जिले के क्रिकेट खिलाड़ियो को मिल सके।

---

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सम्पन्न

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक शनिवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस श्री एसएन मिश्रा, सदस्य श्री मुकेश शुक्ला एवं श्री अक्षय सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील, उपखंड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया गया। साथ ही आयोग के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

बैठक में आयोग के सदस्य श्री एसएन मिश्रा ने उपस्थित जिला अधिकारियों से आमजनों की सुविधा तथा प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुनर्गठन के सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि सुलभ प्रशासनिक व्यवस्था, नागरिकों की सुविधाओं तथा जनअपेक्षाओं को केन्द्र में रखकर प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन के प्रस्ताव बनाए जाए। प्रशासन जनता की सेवा के लिए जन आकांक्षाओं के अनुरूप हो, इसके लिए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और कम से कम समय में अधिकतम सेवाएं उपलब्ध कराने तथा नागरिकों की प्रशासन तक पहुंच को सहज, सरल बनाने के लिए प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन की आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए नई तकनीकों एआई और चैट जीपीटी को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों का युक्तियुक्तकरण करें जिससे कार्य दक्षता उन्नत हो।

---

### अबोध बच्चियों से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो अबोध बच्चियों के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. पीड़ति बच्चियों की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है. आरोपी योगेन्द्र गड़पाण्डे उर्फ पागल पटेल है जिसके खिलाफ पुलिस ने अपहरण और बलात्कार जैसी संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. आरोपी योगेन्द्र के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 65, 137 (2), 96 और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है. पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने अपने ही गांव की एक 06 वर्षीय और एक करीब ढ़ाई वर्षीय मासूम बच्चियां जो आपस में सगी बहनें है उनके साथ कुकर्म किया है. यह दोनों ही बच्चियां आंगनवाड़ी केंद्र में गई हुई थी. जहां आंगनवाड़ी के बाहर से आरोपी ने इन बच्चियों का अपहरण कर लिया था और आंगनवाड़ी से कुछ ही दूरी पर एक अस्पताल के पास बच्चियों से गंदा काम किया जब बच्चियों ने जब रोना शुरू किया तब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका घटनास्थल पर पहुंची. यह पूरी घटना 09 मई की सुबह करीब 10 बजे की है. इस पूरी घटना के पीछे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की लापरवाही भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है. गांव में चर्चा है कि आरोपी पूर्व में भी इस तरह की हरकतों को अंजाम दे चुका है लेकिन हर बार मामले को दबाया जाता रहा है।

---

## सराहनीय रहा शास.हाईस्कूल- सुनारककोड़ी का वार्षिक परीक्षा परिणाम






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मा.शि.मं.भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम 6 मई को घोषित किया गया । जिसमें बालाघाट जिले के विकासखंड लाँजी अंतर्गत शास. हाईस्कूल-सुनारककोड़ी के छात्र- छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा । बता दें कि सत्र 2024-25 में विद्यालय में कुल 99 विद्यार्थी दर्ज थे । इनमें से कुल 97 विद्यार्थी वार्षिकपरीक्षा में सम्मिलित हुए । जिनमें से प्रथम श्रेणी में 54 विद्यार्थी तथा द्वितीय श्रेणी में 36 विद्यार्थी एवं तृतीय श्रेणी में 03 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । उक्त विद्यार्थियों में सांई पिता आशाराम कुशले ने 93.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, बिंदु पिता जगन्नाथ बरगैया ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा मयूरी पिता शैलेन्द्र चोखान्द्रे व यमुना पिता राजकुमार कलपुरे ने 89.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया । विद्यार्थियों की इस सराहनीय सफलता पर संस्था प्रभारी एम.एल.येड़े एवं विद्यालय परिवार के शिक्षकों में एन. गजभिये, पी.के.भिमटे, एस.के. सोनवाने, एच.के.कटरे, कपिल पटले तथा संगीता घोरमारे द्वारा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए शुभाशिष प्रदान किया गया ।

---

## आधार कार्ड सेंटर की प्रतिस्पर्धा में झड़प

***युवक ने दूसरे की उंगली काटी; पीड़ित ने की अंग-भंग की धारा लगाने की मांग***

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में आधार कार्ड केंद्र संचालन को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हिंसक रूप ले लिया। मोहम्मद तौसीफ कुरैशी ने मोहित डहरवाल पर अवैध रूप से आधार केंद्र चलाने की शिकायत कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन पर की थी।

इसी शिकायत के बाद 9 मई की रात जिलानी मेडिकल के सामने मोहित ने तौसीफ के साथ हाथापाई की। इस दौरान तौसीफ का हाथ मोहित के मुंह में चला गया। मोहित ने तौसीफ की उंगली को दांतों से काट लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

पीड़ित तौसीफ ने परसवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को वह अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। तौसीफ का कहना है कि वह कंप्यूटर ऑपरेटर हैं और उंगली के एक हिस्से के कट जाने से टाइपिंग नहीं कर पाएंगे। इससे उनके व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ेगा।

परसवाड़ा थाना प्रभारी मदन इवने ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर उचित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अंग-भंग की धारा भी शामिल की गई है। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है।